ties, which would also cater to the needs of private operators.

(e) There are no specific proposals from Maharashtra for development of airport infrastructural facilities for feeder airlines.

इंडियन एयरलाइंस के कर्मचारियों के लिए निःशुल्क/रियायती हवाई टिकट

7726. **श्री रामनाथ कोविन्द :**
डा० रणबीर सिंह :

क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इंडियन एयरलाइंस अपने सभी कर्मचारियों को निःशुल्क/रियायती हवाई टिकट देता है किन्तु ग्रेड 17 और ऊपर के अधिकारियों के लिए "रेसीप्रोकल सुविधा" बनाई हुई जिसके अधीन उच्च अधिकारी स्वयं के लिए अपने परिवार के सदस्यों तथा नौकरों के लिए सेवा काल में तथा सेवा निवृत्ति के बाद भी असंख्य निःशुल्क टिकटें प्राप्त करते हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि आम कर्मचारियों के लिए सेवा निवृत्ति के बाद विदेश यात्रा हेतु निःशुल्क हवाई टिकट देने की कोई नीति नहीं है और निःशुल्क टिकट सुविधा के मामले में असमानताएं हैं ;

(ग) वर्ष 1991-92, 1992-93 और 1993-94 के दौरान इंडियन एयर लाइंस द्वारा "रेसीप्रोकल सुविधा" के अधीन और सामान्य कर्मचारियों के लिए कितने-कितने टिकट प्राप्त किये गये हैं ;

(घ) क्या इस संबंध में एक समान नीति बनाने संबधी कोई प्रस्ताव विचाराधीन है ; और

(ङ) यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की गयी है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख) इंडियन एयरलाइंस अपने सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मचारियो (और उनके परिवारों को) उनकी सेवा शर्तों के अनुसार अपने द्वारा प्रचालित अंतर्देशीय और अंतरराष्ट्रीय सेक्टरो पर निःशुल्क/रियायती पास जारी करती है ।

(ग) आवश्यक सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी ।

(घ) और (ङ) इंडियन एयरलाइंस का अपने ग्रेड 1 से ग्रेड 16 तथा ग्रेड 16-ए तक के कर्मचारियों के संबध में इंटरलाइन यात्रा के लिए पहले से ही मानदण्ड है । ग्रेड 17 और इससे ऊपर के कर्मचारी अन्य विमानकम्पनियों के साथ पारस्परिक करारों के अधीन आते है ।

Enquiry into the purchase of fire tenders by Airport Authority of India

7727. SHRI VIRENDRA KATARIA: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to refer to answer to Unstarred Question 1881 given in the Rajya Sabha on the 28th July, 1992 and state:

(a) whether the report of the CBI regarding purchase of fire tenders by Airport Authority of India has since been received and if so, the details thereof; and

(b) what is the present stage about the prosecution of the officials involved in the said case?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GHULAM NABI AZAD): (a) and (b) The investigation report from the Central Bureau of Investigation has just been received and the same is under consideration of the Government.